तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 20 फरवरी 2026

11 देशहा यादव समाज ने वार्षिक अधिवेशन ...

12 मातृ और शिशु कल्याण के लिए स्वास्थ्य केंद्र में ...




# गिरौदपुरी मेले में तैनात होंगे 1150 पुलिस बल, 50 सीसीटीवी कैमरे से होगी निगरानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बाबा गुरुघासीदास के जन्मस्थली एवं तपोभूमि गिरौदपुरी धाम में 22 से 24 फरवरी तक आयोजित होने वाले संत समागम एवं गुरुदर्शन मेले की तैयारी का जायजा लेने कलेक्टर दीपक सोनी एवं एसपी भावना गुप्ता गुरुवार को गिरौदपुरी पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों की बैठक लेकर सौंपे गए दायित्वों एवं सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा कर व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिये।

कलेक्टर सोनी में कहा कि इस वर्ष भी मेले में पर्याप्त जनसुविधा एवं क़ानून व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि श्रद्धालु मेले से सुखद अनुभूति लेकर जाएं। उन्होंने चाक चौबंद सुरक्षा एवं पार्किंग व्यवस्था हेतु पर्याप्त पुलिस बल, सीसीटीवी कैमरा, कंट्रोल रूम, ट्रेफिक व्यवस्था, वायरलेस सेट की व्यवस्था करने कहा। चिकित्सा सुविधा हेतु मेला परिसर में 8 स्थानों में शिविर, 1 मोबाइल मेडिकल यूनिट,10 बिस्तरीय अस्पताल एवं 10 एम्बुलेंस की तैनाती के निर्देश दिये। आपातकालीन व्यवस्था हेतु 8 अग्निशमन वाहन भी उपलब्ध कराने कहा। इसीतरह निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु ट्रांसफार्मर, जनरेटर की व्यवस्था, साफ- सफाई हेतु स्वच्छग्रही एवं नगर ▶▶ शेष पेज 11 पर

## कलेक्टर-एसपी ने किया तैयारियों का निरीक्षण



### मेला क्षेत्र में शराब एवं मांस बिक्री भी प्रतिबंधित रहेगा

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने कहा कि लोगों की सुरक्षा सहित वाहनो की सुरक्षा, व्यवस्थित पार्किंग, आपातकालीन व्यवस्था पर विशेष फोकस करें। उन्होंने बताया कि इस बार मेले में 1150 पुलिस बल तैनात किये जा रहे है। पूरे मेला परिसर में 50 सीसीटीवी कैमरा लगाए जा रहे है जिसका फीड मुख्य कंट्रोल रूम में होगा जहां से पुरी मॉनिटरिंग की जाएगी। इसके साथ ही मेला परिसर में कुल 9 कंट्रोल रूम बनाए जा रहे है। अलग-अलग दिशाओं में 8 वाहन पार्किंग बनाए गए है। उन्होंने बताया कि मेला के दौरान 3 दिन भारी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। मेला क्षेत्र में शराब एवं मांस बिक्री भी प्रतिबंधित रहेगा।

## खबर संक्षेप

### विशाल सतनाम सद्भाव पदयात्रा आज



**संडी बंगला।** मंत्री गुरु खुशवंत साहेब द्वारा आयोजित विशाल सतनाम सद्भाव पदयात्रा 18 फरवरी से प्रारंभ होकर 22 फरवरी तक चलेगी। आज यह पदयात्रा रायपुर के मोवा से निकलकर गिरौदपुरी धाम तक पैदल जाएगी। पदयात्रा का शुक्रवार को दोपहर 12 बजे संडी बंगला बस स्टैंड में भव्य स्वागत किया जाएगा। स्वागत कार्यक्रम में क्षेत्र के सामाजिक संगठन, व्यापारी संघ, पंचायत प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल होकर पदयात्रा में सहभागिता करेंगे। वहीं स्वागत के पश्चात सतनाम भवन में माननीय मंत्री की उपस्थिति में सर्व समाज, व्यापारी बंधुओं एवं पंचायत प्रतिनिधियों के लिए सद्भावना भोज का आयोजन भी रखा गया है।

### केंवट समाज ने भवन के लिए मांगी जमीन



**लवन।** केंवट निषाद समाज परिक्षेत्र चंगोरी तहसील लवन के नव मनोनीत अध्यक्ष गोलू कैवर्त्य, महिला प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष संतोषी कैवर्त्य ने नगर पंचायत अध्यक्ष लवन शिवमंगल सिंह चौहान से सौजन्य भेंट मुलाकात कर लवन में सामाजिक भवन निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने की मांग पत्र सौंपे गए। इस पर नगर पंचायत अध्यक्ष शिवमंगल सिंह चौहान ने हर सम्भव भूमि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।विदित हो कि भूमि उपलब्ध होने से भवन निर्माण का मार्ग खुलेगा, जिससे बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए एक आश्रय स्थल सामाजिक भवन के रूप में मिलेगा। इसके अलावा समाज के विकास कार्यों के लिए चर्चा परिचर्चा एक समाज का अपना स्वयं का भवन होने से सामाजिक व्यवस्था में सुदृढ़ता आएगी। ग्रामीण क्षेत्रों से ताल्लुक रखने वाले मेधावी छात्रों होस्टल के रूप में सुविधा भी उपलब्ध हो पाएगी।

### 2 मृतक के परिजनों के लिए मदद राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** दुर्घटना में 2 मृतक के परिजनों को हुए अपहानि को दृष्टिगत रखते हुए दावा निपटान आयुक्त एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा दो-दो लाख रुपए के मान से कुल 4 लाख रुपए की प्रतिकर सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इनमें टक्कर मारकर भागने मोटरयान सड़क दुर्घटना में सरायपाली विकासखंड अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर भोथलडीह के पास रतनलाल बरिहा की मृत्यु हो गई थी। अपहानि के कारण मृतक के विधिक प्रतिनिधि के रूप में उनकी पत्नी रैवारी बरिहा को तथा जलगढ़ चौक के पास हुए दुर्घटना में ग्राम केसरटाल निवासी अशोक साहू की मृत्यु होने पर उनके विधिक प्रतिनिधि के रूप में उनकी पत्नी गीता साहू को दो-दो लाख रुपए की प्रतिकर सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## आक्रोश : नाम परिवर्तन के विरोध में राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

# कांग्रेस के मनरेगा बचाव संग्राम में धरना प्रदर्शन के बाद कलेक्टोरेट का घेराव किया





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

मनरेगा के नाम परिवर्तन के विरोध में मनरेगा बचाव संग्राम के तहत गुरुवार को बलौदाबाजार में कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन और कलेक्ट्रेट घेराव किया गया। आंदोलन में छत्तीसगढ़ सहप्रभारी विजय जांगिड़, मनरेगा प्रभारी प्रतिमा चंद्राकर एवं जिला प्रभारी अशोक राज आहूजा की विशेष उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की शुरुआत गार्डन चौक में विशाल धरना-प्रदर्शन से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेसजन, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता तथा मनरेगा श्रमिक शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस मनरेगा को ग्रामीण गरीबों और मजदूर परिवारों के लिए रोजगार की गारंटी देने वाली ऐतिहासिक योजना मानती है। आरोप लगाया कि योजना के नाम परिवर्तन का निर्णय जनभावनाओं के विपरीत है तथा इससे योजना की मूल पहचान और उद्देश्य कमजोर हो सकते हैं।

धरना के पश्चात कार्यकर्ता रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे और शांतिपूर्ण ढंग से घेराव किया। इसके बाद महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर मनरेगा के नाम परिवर्तन के निर्णय को तत्काल वापस लेने, योजना को पूर्व स्वरूप में संचालित करने और श्रमिक हितों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई।नेताओं ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि करोड़ों श्रमिक परिवारों की आजीविका का आधार है। यदि सरकार द्वारा नाम परिवर्तन का निर्णय वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन को चरणबद्ध एवं व्यापक रूप से आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम का समापन संघर्ष जारी रखने के संकल्प के साथ हुआ।

आंदोलन में जिला अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे, भाटापारा विधायक इंद्र साव, पूर्व अध्यक्ष पाठ्यपुस्तक निगम शैलेश नितिन त्रिवेदी, पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र बंजारे, पूर्व जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, पूर्व जनपद अध्यक्ष पलारी खिलेंद्र वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष पलारी गोपी साह, नगर पंचायत अध्यक्ष रोहासी नंदेश्वर साहू, संतोष तिवारी, अयाज अहमद फारुकी, सुखदेव साहू, नरेंद्र डहरिया, प्रेमशिला नायक, सुशी पद्मेश्वरी साहू, पल्लवी दुबे, प्रेमलता बंजारे, डिगेश्वरी नामदेव, एनएसयूआई ग्रामीण अध्यक्ष जय नायक, एनएसयूआई शहर अध्यक्ष राहुल नेगी, एनएसयूआई सचिव हसदेव वर्मा सहित शहर अध्यक्ष बलौदाबाजार प्रवीण सेन, शहर अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा, ग्रामीण अध्यक्ष अमर मंडावी, ब्लॉक अध्यक्ष दीपक साहू, युधिष्ठिर नायक सहित जिले भर से आए कांग्रेसजन, किसान एवं मजदूर बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# कॉलेज के छात्रों ने किया पक्षी सर्वेक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्रेट बैकयार्ड बर्ड काउंट के अंतर्गत आयोजित कैंपस बर्ड काउंट 2026 में महाविद्यालय लवन के विद्यार्थियों ने 96 चेक लिस्ट बना कर 109 प्रजाति के पक्षियों की पहचान की। प्रदेश में पक्षी विविधता के आधार पर अखिल भारतीय तीन दिवसीय सर्वेक्षण अभियान में प्रदेश में 5वां स्थान प्राप्त किया। प्रदेश के विभिन्न जलाशयों, अभ्यारण्य एवं प्राकृतिक स्थलों में यह चेकलिस्ट की सर्वाधिक संख्या रही जिसका संधारण ई बर्ड एप के माध्यम से किया गया।

▪ जैव विविधता संरक्षण की दिशा में की पहल

फील्ड अवलोकन और डेटा विश्लेषण के आधार पर टीम ने कुल 109 पक्षी प्रजातियां दर्ज की हैं। इस उपलब्धि के कारण वैश्विक प्लेटफॉर्म पर यह क्षेत्र चेकलिस्ट लीडर तथा स्पीसीज विविधता में पांचवें स्थान प्राप्त करने में सफल रहा है। यह डेटा न केवल क्षेत्र की पक्षी विविधता को दर्शाता है, बल्कि यहां के वेटलैंड की स्वास्थ्य स्थिति का प्रमाण भी है।

प्राणी शास्त्र विभागाध्यक्ष अजय मिश्रा के मार्गदर्शन में एम. एससी. जूलॉजी के विद्यार्थी नरेंद्र वर्मा, जागृति महंत, टिकेश्वर निषाद, कुंभज कुमार और शेष कुमारी साहू ने इस सर्वेक्षण का नेतृत्व किया। इस अभियान की खास बात यह रही कि इसमें स्नातक कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और भविष्य के वैज्ञानिकों के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रकृति की फूड चैन का वैज्ञानिक विश्लेषण छात्रों ने सर्वेक्षण के दौरान पाया कि क्षेत्र का पारिस्थितिक तंत्र अत्यंत मजबूत है।

वन विभाग के साथ मिलकर विद्यार्थियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें विद्यार्थियों ने बर्ड कॉल, फोटो और अन्य लक्षणों के आधार पर पक्षियों की पहचान का तरीका जाना।

वनमंडलाधिकारी धम्मशील गनवीर और महाविद्यालय के प्राचार्य ने प्रकृति संरक्षण के लिए अपनाए जा रहे वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सराहना की है।

## सतनाम संदेश पदयात्रा भंडारपुरी पहुंची



**लवन।** एकता एवं समानता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने रायपुर से गिरौदपुरी धाम के लिए विशाल सतनाम सद्भाव पदयात्रा द्वितीय दिवस सारागांव से प्रारम्भ होकर बांगोली, खरोरा, भैंसा, होते हुए रात्रि विश्राम भंडारपुरी धाम पहुंची। पदयात्रा में नेतृत्वकर्ता मंत्री गुरु खुशवंत साहेब एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े के साथ हजारों की संख्या में सतनामी समाज के भक्त गण विशाल सतनाम सद्भाव पदयात्रा जन–जन को ▶▶ शेष पेज 11 पर

# कसडोल क्षेत्र में 10वीं-12वीं के 4824 छात्र देंगे परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के तहत आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी बोर्ड परीक्षाएं 20 फरवरी से प्रारंभ हो रही हैं। 12वीं की परीक्षा 20 फरवरी से 18 मार्च तक तथा 10वीं की परीक्षा 21 फरवरी से 13 मार्च तक आयोजित की जाएगी। कसडोल विकासखंड में इस वर्ष 12वीं कक्षा के 2091 तथा 10वीं कक्षा के 2733 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। कुल मिलाकर 4824 विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा देंगे। परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए विकासखंड में 23 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा व्यवस्था को पारदर्शी एवं नकल मुक्त बनाए रखने के लिए उड़नदस्ता की 2 टीमों का गठन किया गया है। इनमें अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रामरतन दुबे तथा कसडोल विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार ध्रुव शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

प्रश्नपत्रों को सुरक्षित रखने के लिए संबंधित थाना में रखा गया है तथा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रशासन द्वारा परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

### बोर्ड परीक्षा, ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर कलेक्टर ने लगाया प्रतिबंध

बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा वर्ष 2026 को ध्यान में रखते हुए परीक्षार्थियों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से ध्वनि प्रदूषण नियमन तथा नियंत्रण नियम, 2000 छ.ग. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के तहत ध्वनि विस्तारक यंत्रों के संचालन पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध का आदेश जारी कर लागू किया है। विशेष एवं अपरिहार्य परिस्थितियों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग हेतु संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी सारंगढ़ और बिलाईगढ़ द्वारा नियमानुसार सीमित अवधि, समय एवं शर्तों के अधीन अनुमति प्रदान की जा सकेगी। उल्लेखनीय है कि बोर्ड परीक्षा 20 फ़रवरी से 18 मार्च तक संभावित है।

## बदबू से आसपास के रहवासी परेशान

# करदा पंचायत के नया तालाब का पानी दूषित हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

ग्राम पंचायत करदा स्थित नया तालाब की स्थिति दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है। तालाब पूरी तरह से गंदगी भर चुका है। वहीं गंदगी होने के कारण तालाब से बदबू आस पास के घरों तक पहुंच रही है। बदबू इस कदर है कि तालाब के समीप रह रहे लोगों का रहना बहुत मुश्किल हो गया है। जिला प्रशासन द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। नदी-तालाब की साफ सफाई के साथ तालाब के गहरीकरण का कार्य कराया जा रहा है। आसपास पेड़ लगाए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर लवन तहसील से महज 5 किमी दूर करदा में स्थित नया तालाब की स्थिति चिराग तले अंधेरा जैसी है। ग्राम पंचायत करदा बाजारभाटा रोड के बिल्कुल करीब इस तालाब के चारों ओर गंदगी फैली हुई है, इस कारण स्थानीय लोग आए दिन बीमार हो रहे हैं। इतना ही नहीं, गंदे पानी के कारण आसपास में जमीन से निकलने वाला पानी भी दूषित हो रहा है।

### ग्रामीणों ने साफ सफाई की मांग की

तालाब के गंदे पानी में मच्छर और जहरीले कीट पैदा हो गए हैं, जिससे गंभीर बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। वहीं इस तालाब में जानवरों को धोने का काम भी किया जाता है, जिस कारण तालाब का पानी दूषित ही गया है। इन सभी समस्याओं को लेकर स्थानीय लोगों ने ग्राम पंचायत के सरपंच से साफ सफाई की मांग की हैं। कार्यपालक पदाधिकारी को शिकायत भी की है। सरकार ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जल संचय के लिए तालाब खुदवाने, वाटर हार्वेस्टिंग सहित कई प्रकार की योजनाएं चला रही है। ग्राम करदा के सरपंच इतवारा बाई पैकरा ने बताया कि इस तालाब की दुर्दशा की तरफ हमें ध्यान है। तालाब की साफ सफाई, गहरीकरण राशि स्वीकृति हो गई है। होली के बाद मनरेगा के इस तालाब में काम शुरू हो जाएगा।

# दक्षिण भारत की यात्रा पर निकले 50 पेंशनधारी

## विधायक साव ने बस को दिखायी हरी झंडी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा निकाली गई दक्षिण भारत की धार्मिक यात्रा बस को विधायक इंद्र साव ने मांगलिक ध्वज दिखाकर रवाना किया। स्थानीय गायत्री मंदिर से रवाना हुई बस में यात्रा पर जा रहे सभी श्रद्धालुओं का विधायक इंद्र साव ने फूल माला पहना कर उनके मंगलमई यात्रा के लिए शुभकामना दी। श्री साव ने पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा प्रति वर्ष निकाली जा रही यात्रा पर खुशी जाहिर करते हुए तहसील शाखा अध्यक्ष डॉ. खुमान सिंह वर्मा को बधाई देते हुये कहा कि पिछले लगभग 4 वर्षों से पेंशनर्स एसोसिएशन के सदस्यगण विभिन्न प्रांतों की यात्रा का अनुभव प्राप्त कर चुके हैं। वही ▶▶ शेष पेज 11 पर

खबर संक्षेप



## सिंघनपुर में आयोजित राम कथा कार्यक्रम में शामिल हुए तुषार

**महासमुंद।** ग्राम सिंघनपुर में आयोजित श्रीराम कथा, भोग भंडारा कार्यक्रम में राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। तुषार ने कहा कि सनातन धर्म के धार्मिक लेखक तुलसीदास के अनुसार सर्वप्रथम श्रीराम की कथा भगवान शंकर ने माता पार्वती जी को सुनायी थी। जहां पर भगवान शंकर पार्वती को भगवान श्रीराम की कथा सुना रहे थे, वहां कागा (कौवा) का एक घोंसला था और उसके भीतर बैठा कागा भी उस कथा को सुन रहा था। कथा पूरी होने के पहले ही माता पार्वती को नींद आ गई, पर उस पक्षी ने पूरी कथा सुन ली। उसी पक्षी का पुनर्जन्म काकभुशुंडिके रूप में हुआ। काकभुशुंडि ने यह कथा गरुड़ को सुनाई। भगवान शंकर के मुख से निकली राम की यह पवित्र कथा अध्यात्म रामायण के नाम से प्रख्यात है। अध्यात्म रामायण को ही विश्व का सर्वप्रथम रामायण माना जाता है। इस अवसर पर रामेश्वर साहू, हीरालाल साहू, ललित निषाद, सुरेश, दिनेश, कार्तिक, राधेश्याम, रामलाल, सुखलाल आदि मौजूद रहे।

### निधन

## उत्तम टोंडेकर



**महासमुंद।** स्थानीय सुभाष नगर निवासी उत्तम टोंडेकर का आकस्मिक निधन 18 फरवरी को हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। अंतिम संस्कार 19 फरवरी को किया गया। जिसमें सामाजिकजनों के साथ सर्व समाज के लोग शामिल हुए। वे गंगाप्रसाद टोंडेकर के सुपुत्र, कन्हैया टोंडेकर, उत्तरा टोंडेकर के भाई व सतनाम सेना मीडिया प्रभारी कमलेश टोंडेकर के चाचा तथा पूर्व पार्षद सोनू टोंडेकर के भतीजे थे।

पलाश के फूल



**अरंड (पिथौरा)।** क्षेत्र के पेड़-पौधों में फूलों का रंग देखते ही बन रहा है। पलाश (टेसू) के फूल होली पर्व आने का एहसास करा रहे हैं। बसंत ऋतु में पलाश के फूल लोगों को लुभा रहे हैं, इसकी खुशबू गांव तक फैल रही है। ग्राम अरंड की हारमोती ध्रुव के पुत्र दुर्गेश ध्रुव व अजय ध्रुव ने यह फोटो अपने कैमरे में कैद किया है।

# सभापति प्रकाश ने दिखाई हरी झंडी, 12 एसएचजी के 40 सदस्य हुए पूरी रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना




■ 12 स्वसहायता समूहों के 40 सदस्य दिशा-दर्शन यात्रा पर रवाना, सभापति प्रकाश ने दिखाई हरी झंडी

एकीकृत बाल विकास परियोजना बसना अंतर्गत आयोजित दिशा-दर्शन भ्रमण कार्यक्रम के तहत बसना ब्लॉक के 12 स्व सहायता समूहों के 40 सदस्यों को जनपद पंचायत बसना के सभापति प्रकाश सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह भ्रमण कार्यक्रम महिला स्वसहायता समूहों के सशक्तिकरण एवं आयवर्धन गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। भ्रमण के दौरान समूह की माताएं-बहनें विभिन्न सफल मॉडलों का अध्ययन कर आत्मनिर्भरता, प्रबंधन कौशल एवं आजीविका संवर्धन के नए आयाम सीखेंगी। भ्रमण पर जा रही माताओं-बहनों को सफल एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए सिन्हा ने कहा कि यह पहल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इस कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है और ऐसे कार्यक्रम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होंगे। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी रामसिंह मिरी, पर्यवेक्षक उमादेवी पटेल, चंद्रिका कुमार सहित विभागीय अधिकारी एवं स्व सहायता समूह की महिलाएँ उपस्थित रहीं।

## स्मरण : 396वीं जयंती पर छत्रपति शिवाजी महाराज को किया नमन

# हिंदू धर्मरक्षक थे शिवाजी महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



छत्रपति शिवाजी महाराज की 396वीं जयंती पर 19 फरवरी को छत्रपति शिवाजी चौक में सुबह 8.30 बजे जिला मराठा समाज द्वारा आयोजित माल्यार्पण कार्यक्रम में स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा सहित नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी शामिल हुए।

कार्यक्रम में विधायक ने शिवाजी महाराज को नमन करते हुए कहा कि यहां पर शीघ्र ही स्थल चयनित कर भव्य मूर्ति स्थापित करने मेरा हरसंभव सहयोग रहेगा। कार्यक्रम में नपाउपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मराठा समाज द्वारा यहां पर वर्षों से पूजा अर्चना करते हुए माल्यार्पण कार्यक्रम चौक में किया जाता है, किसी कारण से यहां पर अब तक शिवाजी महाराज की मूर्ति स्थापित नहीं हो पाई है, इसका दुख समाजजनों के साथ साथ मुझे भी है। साथ ही सभी हिंदू भाईयों को भी हो रहा होगा, क्योंकि, शिवाजी महाराज सिर्फ मराठा शासक ही नहीं थे बल्कि, हिंदू हृदय सम्राट हिंदू धर्म रक्षक भी थे। इनका प्रमुख लक्ष्य हिंदू सम्राज्य को पुनः स्थापित करना था। जिसमें वे सफल हुए।

समाज के संरक्षक प्रलय थिटे ने भी शिवाजी महाराज की जीवनी पर प्रकाश डाला। मराठा समाज के जिलाध्यक्ष राजेंद्र राव घाड़गे ने उपस्थित अतिथियों को बताया कि 26 अगस्त 2007 को नगर पालिका परिषद महासमुंद द्वारा पुराने कचहरी चौक का नाम छत्रपति शिवाजी महाराज चौक के नाम पर नामकरण किया गया है। कार्यक्रम में सभी समाज सहित मराठा समाज के लोगों को आमंत्रित किया गया था, तब से लेकर आजपर्यंत हम यहां पर प्रति वर्ष शिवाजी महाराज की जयंती बड़े धूमधाम से मानते आ रहे हैं और अपनी मांग रख रहे हैं। विधायक, नगर पालिका उपाध्यक्ष की उपस्थिति में यह मांग रखते हैं कि यहां पर चौक में छत्रपति शिवाजी महाराज की अश्वरोही आदमकद प्रतिमा स्थापित किए जाने के साथ यहां पर नवनिर्मित कांप्लेक्स को छत्रपति शिवाजी महाराज कांप्लेक्स के नाम पर रखा जाए। जिस पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए समाज की मांग पर अपनी सहमति देते हुए आज ही कलेक्टर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र लिखकर नवनिर्मित कांप्लेक्स का नाम छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम पर रखने की बात कही। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन राजेंद्र इंगोले ने किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से मराठा समाज अध्यक्ष राजेंद्र राव घाड़गे, उपाध्यक्ष महावीर पवार, संरक्षक प्रलय थिटे, कोषाध्यक्ष भूषण भोंसले, सलाहकार राजेंद्र इंगोले, राजकुमार पवार, संतोष भोंसले, महिला मंडल अध्यक्ष अनिता पवार, सचिव रमेश्वरी घाड़गे, ज्योति पवार, पूनम पवार, मोनिषा गड़क, ममता घाड़गे, देवेंद्र इंगोले, गौरव इंगोले, सारांस इंगोले, विनोद सेल्के, संजय सेल्के, कुलेश्वर राव गड़क, देवेंद्र काले, अनिकेत गड़क, जितेंद्र घोरपड़े, प्रियांशु घोरपड़े, प्रियंका घोरपड़े, आयुस भोंसले, प्रदीप भोंसले, रामकिशन भोयर, अभिषेक घाड़गे, नमिता घाड़गे, जयकांत सेल्के, संध्या सेल्के, मनीषा पवार, ममता माढरे, मनीषा पवार, महेंद्र पवार, कृतिका शिंदे, ऋतिका भोंसले, पारुल पवार, राहुल भोंसले, कविता भोंसले, संजय भोंसले, गोलू सेल्के, एमडी प्रधान, नारायण लाल ठाकुर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई गई



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत देश के अदम्य साहस और वीरता की प्रतिमूर्ति भारत के महान वीर योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई गई। इस दौरान मितानिन कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, रूपेश चंद्राकर, भूषण चंद्राकर ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने एक भारतीय शासक थे, जिन्होंने एक बहुत बहादुर, बुद्धिमानी, शौर्य और दयालु शासक थे। शिवाजी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने भारत देश के निर्माण के लिए बहुत से कार्य किये, वे एक महान देशभक्त भी थे, जो भारत माता के लिए अपना जीवन तक न्योछावर करने के लिए तैयार हो जाते थे।

## दुखों से बचना है तो वाणी का संयम रखें, वाणी से बनते हैं कर्मः अमोही साहेब





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ कबीर मंदिर में हुआ दो दिवसीय वार्षिक सत्संग का आयोजन

समस्या केवल व्यवहारिक जीवन में है अलौकिक जीवन में कोई समस्या नहीं होती। सोच, समझ, विचार एक जैसे लगते हैं, लेकिन तीनों अलग-अलग है ज्यादा सोचने से व्यक्ति दुखी होता है, जब समझ आ जाएगी तो लोग जागृत हो जाएंगे। इसी तरह विचार है जो लोगों को मार्ग दिखाता है। दुखों से बचना है तो वाणी का संयम रखिए, वाणी से कर्म बनते और बिगड़ते हैं। उक्त विचार रायपुर रोड स्थित कबीर मंदिर में चल रहे दो दिवसीय वार्षिक सत्संग के अवसर पर मध्यप्रदेश बुरहानपुर से पधारे संत अमोही साहेब ने उपस्थित सत्संग प्रेमियों से कही।

उन्होंने कहा कि वाणी से मनुष्य दुखी और सुखी हो सकता है, यदि तुम्हारी वाणी सही है और संयमित है तो व्यवहार अच्छा होगा। कभी-कभी शब्दों का अर्थ जाने बिना भी हम उसे बोल जाते हैं यह भी गलत है। लेकिन जब हम अर्थ समझ जाते हैं तो उसके प्रभाव की समझ पैदा होती है। एक मां जब अपने बच्चे को गाली देती है तो वह गाली का अर्थ नहीं जानती। यदि गाली का अर्थ जिस दिन मां समझ जाएगी और गाली के अनुरूप उसका बच्चा होगा तो क्या वह मां उसे बर्दाशत करेगी? इसलिए शब्दों को समझना भी चाहिए। उन्होंने कहा कि संतों के सत्संग से मनुष्य में समझने की शक्ति पैदा होती है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को सत्संग अवश्य करना चाहिए। अमोही साहेब ने बताया कि मानव जीवन दुर्लभ है और सौभाग्य से मिलता है, अच्छा समाज, परिवार और संस्कार मिलना सौभाग्य की बात है। यह सब अच्छे कर्मों का फल है, इसलिए हमेशा अच्छे कर्म करना चाहिए। उन्होंने बताया कि आदमी के पास मानसिक चिंतन ज्यादा है, इसलिए वह ज्यादा दुखी होता है। कबीर आश्रम ढेठा धमतरी से पधारे संत बलवान साहेब ने कहा कि इच्छा और आवश्यकता दोनों में अंतर है। आवश्यकता की पूर्ति तो हो सकती है, लेकिन इच्छा ऐसा व्यसन है जिसे कोई गुरु हरा नहीं सकता। एक पूरी हुई तो दूसरा इच्छा पैदा हो जाता है। उन्होंने बताया कि भोग की चाहत से मनुष्य रोग में फंसता है। कबीर साहेब ने मनुष्य को पारख सिद्धांत बताया पहले जानो फिर मानो, यही कबीर का पारख सिद्धांत है। सद्गुणों को धारण करने से सुख की प्राप्ति होती है। प्रत्येक मनुष्य को सुख प्राप्त करना है तो उसे विवेकी और विचारवान बनना होगा। कोई भी गुरु वासना और तृष्णा मुक्त नहीं कर सकता। दोनों से मुक्त तुम स्वयं सकते हो, इसके लिए तुम्हें स्वयं ही प्रयास करना होगा।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को सुंदर तरीके से जीने की कला आनी चाहिए, अपने दुख और सुख का कारण मनुष्य स्वयं है। भुनेश्वर साहेब में सुंदर भजन प्रस्तुत किया। सत्संग उपरांत कबीर साहेब की आरती हुई और महाप्रसादी का वितरण किया गया।

# जीवात्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है रासलीला : स्वामी राजीव लोचन

### बेमचा गुलाब बाड़ा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन भगवान श्रीकृष्ण के बाल लीलाओं की कथा सुन झूमे भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





भगवान श्रीकृष्ण द्वारा रचित रासलीला जीवात्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है। यह केवल नृत्य नहीं, बल्कि प्रेम, भक्ति और आत्मा का परमात्मा में लीन होने की परम अवस्था है। उक्त उद्गार आज ग्राम बेमचा स्थित गुलाब बाड़ा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन दक्षिण कौशल पीठाधीश्वर स्वामी राजीव लोचन महाराज ने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण के बाल लीलाओं की कथा सुनाते हुए व्यक्त किए। महाराज राजीव लोचन ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण द्वारा रचित रासलीला पर लोग व्यंग्य करते हैं, कि उन्होंने गोपियों के साथ रास लीलाएं की। वास्तविकता यह है कि वृंदावन की गोपियां पूर्व के कई जन्मों में संत, महात्मा, भगवान के भक्त थें। पूर्व के जन्मों में भगवान के दर्शन से वंचित महात्माओं को भगवान ने वृंदावन में गोपियों के रूप में भेजा था। भगवान ने उनकी जन्मों-जन्म के तृष्णा को दूर किया था। रासलीला भी भक्त और भगवान के बीच अटूट श्रद्धा व भक्ति का संगम है। भगवाताचार्य ने आज के परिदृश्य में गरबा, डांडिया नृत्य पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि गरबा और डांडिया के नाम पर अश्लीलता परोसा जा रहा है। विधर्मी, जिहादी मानसिकता के लोग हिंदू धर्म, सनातनी परिवार के बच्चियों को बहलाकर गलत मार्ग पर ले जाते हैं। ऐसे गरबा नृत्यों पर सख्त प्रतिबंध लगाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अपने घर की बेटियों को गरबा के नाम पर चल रहे अश्लील नृत्यों में जाने की कदापि अनुमति ना दें। हमारी बेटियों के भोलेपन, मासूमियत का गलत फायदा विधर्मी उठाते हैं। उन्होंने ऐसे आयोजनों का सामूहिक बहिष्कार पर बल दिया। भगवताचार्य ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल लीलाओं, श्रीराम के बाल लीलाओं का वर्णन कर अनेक भक्तियम भजनों के माध्यम से श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। भगवान के भजनों में पंडाल में उपस्थित माताएं-बहनें, श्रोता झूमते दिखे। कथा श्रवण करने राष्ट्रीय महिला कुर्मी समाज की अध्यक्ष लता ऋषि चंद्राकर, जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष डा. रश्मि चंद्राकर, तारा चंद्राकर, नीलम चंद्राकर, प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष एवं बागबाहरा जनपद अध्यक्ष केशव नायकराम चंद्राकर, जिला भाजपा उपाध्यक्ष जान्हवी साहू, डा. रामकुमार साहू, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा पिलेश्वर पटेल, मंडल अध्यक्ष डाली ध्रुव, पूर्व जनपद अध्यक्ष छाया चंद्राकर, वरिष्ठ नेता अरूण चंद्राकर सहित बड़ी संख्या गणमान्य जन, ग्रामीणजन व दाऊ स्व. गुलाब सिंह चंद्राकर परिवार के आयोजकगण द्वारिका प्रसाद चंद्राकर, जानकी चंद्राकर, रमा चंद्राकर, संगीता राहुल चंद्राकर, निधि हर्ष चंद्राकर, आकांक्षा अनमोल चंद्राकर उपस्थित थे।

# खल्लारी के वीरांगना दुर्गावती भवन में हुआ पेंशनधारी कल्याण संघ का वार्षिक सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा बागबाहरा का वार्षिक सम्मेलन मंगलवार को महारानी वीरांगना दुर्गावती गोंडवाना धर्मशाला भवन मेला स्थल खलारी में हुआ। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष अशोक गिरी गोस्वामी रहे। अध्यक्षता प्रांतीय पदाधिकारी रुपेश तिवारी ने की। विशिष्ट अतिथि हीराधर सोम, आरपी पांडे, भुलउ राम साहू रहे।

सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा सरस्वती माता के तैल्य चित्र में पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात तहसील इकाई बागबाहरा के सदस्यों का मनोनयन किया गया। जिसमें संरक्षकगण हीराधार सोम, आरपी पांडे, राजेश्वर प्रसाद बैपारी, कल्याण सिंह बरिहा, उपाध्यक्षद्वय चमन लाल साहू, भूलउ राम साहू, सहसचिव राधेश्याम बागर्ती, संगठन मंत्री भूषण लाल साहू, प्रचार सचिव चमन लाल साव, कार्यकारणी सदस्य चंद्रभान सिंह कश्यप, उमेंद्र बरिहा, गोपाल सिंह ठाकुर, जमन बाई ठाकुर, मेमलाल बघेल का मनोनयन किया गया। 80 वर्ष के ऊपर वाले सदस्य हीराधार सोम, आरपी पांडे, राजेश्वर प्रसाद बैयारी एवं नए सदस्य मोहन सिंह दीवान उमेंद सिंह बरिहा, कोमल साहू, ओलाराम साहू को अंग वस्त्र एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष द्वारा प्रांतीय सम्मलेन 2026 में महासमुंद में करने की जिम्मेदारी लिया गया है। इसके लिए महासमुंद जिले के सभी विकासखंडों से आर्थिक सहयोग लेने का आह्वान किया गया। जिसके अंतर्गत बागबाहरा इकाइयों के सदस्यों ने आर्थिक सहयोग देने की घोषणा की।

कार्यक्रम का संचालन रुपेश तिवारी और उमराव सिंह ध्रुव ने किया। बैठक में अशोक गिरी गोस्वामी, रुपेश तिवारी, थानसिंह ठाकुर, हीराधर सोम, आरपी पांडे, कल्याण सिंह बरिहा, राजेश्वर प्रसाद बैयारी, चंद्रभान सिंह कश्यप, रघुनाथ सिन्हा, सलमान दीवान, बलराम ध्रुव, भाव सिंह नेताम, भुलउ राम साहू, चमन चंद्राकर, मनराखन लाल ध्रुव, राधेश्याम बागर्ती, कुंजलाल दीवान, केके चंद्राकर, जयन बाई ठाकुर, मेमलाल बघेल, उमेंद्र सिंह बरिहा आदि मौजूद रहे।

## 5 लाख 85 हजार 971 लोगों ने खाई फाइलेरिया की दवा, 5 दिन शेष

**महासमुंद।** जिले में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सामूहिक दवा सेवन (एमडीए) अभियान को प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा घर-घर जाकर लोगों को दवा का सेवन कराया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव ने बताया कि अब तक जिले में 56 प्रतिशत कवरेज प्राप्त किया जा चुका है। जिले में कुल 10 लाख 42 हजार 760 योग्य हितग्राहियों को दवा सेवन के लिए चिन्हित किया गया है, जिनमें से अब तक 5 लाख 85 हजार 971 लोगों को दवा खिलाई जा चुकी है। शेष हितग्राहियों तक पहुंचने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार कार्य कर रही हैं, ताकि 25 फरवरी तक शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

# तीन मामलों में 93 लाख रुपए का गांजा जब्त, छह लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



ऑपरेशन निश्चय के अंतर्गत एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स व पुलिस ने 12 घंटे के भीतर तीन कार्रवाई करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर 187 किलो गांजा बरामद किया है। इस की कीमत 93 लाख 50 हजार रुपए बताई गई है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गोयनाबाहरा रोड के पास घेराबंदी कर ट्रक क्रमांक यूपी 60 सीटी 5791 को रोका। तलाशी लेने पर ट्रक के डाले में रखे पशु चारे की बोरियों के नीचे से 140 किलो गांजा बरामद हुआ। आरोपी रविशंकर यादव (बिहार) और सुनील चौहान (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से 70 लाख रुपए का गांजा और 16 लाख रुपए का ट्रक को जब्त किया। ये आरोपी गांजा को बेचने ओडिशा से यूपी ले जा रहे

वहीं पुलिस ने नेशनल हाईवे पर नाकाबंदी के दौरान बिना नंबर की स्कूटी रोकी । जिसमें सवार दो युवकों के पास से 23.30 किलो गांजा मिला। आरोपी पुष्पेंद्र साहू और योमेश यादव (दोनों निवासी दुर्ग) से 11.65 लाख रुपए का गांजा, स्कूटी जब्त की गई है।

**बाइक से गांजा परिवहन** इसी तरह खल्लारी पुलिस ने हाईवे पर बाइक रोककर ली गई तलाशी में प्लास्टिक की एक बोरी मिली। इसमें 23.79 किलो गांजा था।

## खबर संक्षेप

### बेल्दार सिवनी में नवधा रामायण शुरू

खरोरा। ग्राम बेल्दार सिवनी में अखंड नवधा रामायण का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 18 से 27 फरवरी तक सम्पन्न होगा। कार्यक्रम के लिए ग्रामवासियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम 18 फरवरी से शुरू हुआ जो 27 फरवरी तक चलेगा। आयोजन समिति द्वारा सुबह प्रथम मंचन करने वाली मानस मंडली को 1351 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। इसी प्रकार आरती के बाद मंचन करने वाली मंडली को भी 1351 रुपये प्रदान किया जा रहा है। प्रत्येक मानस मंडली के लिए 1201 रुपये की प्रोत्साहन राशि निर्धारित है तथा प्रत्येक मंडली में 5 सदस्यों का होना अनिवार्य रहेगा। समारोह में सभी श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रित किया गया है। आयोजन समिति में अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष सविता प्रकाश धीवर एवं उमा पुरेना, संचालक सहदेव वर्मा, सहसंचालक पेटेहा राम धीवर, संरक्षक ठाकुर राम वर्मा एवं जीवन लाल वर्मा, सचिव राजेन्द्र वर्मा, सहसचिव अर्जुन वर्मा, कोषाध्यक्ष अर्जुन वर्मा तथा उपकोषाध्यक्ष प्रकाश वर्मा शामिल हैं।

### बिजनेस स्कूल में हुआ सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम



खरोरा। तिल्दा ब्लॉक के ग्राम पंचायत माठ स्थित एमिटी विश्वविद्यालय के बिजनेस स्कूल द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य प्रायोजित सामाजिक सुरक्षा शिक्षा एवं रोजगार योजना के अंतर्गत लोगों को जागरूक करने एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक उज्ज्वल शर्मा ने उपस्थित ग्रामीणों को योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की, ताकि वे आने वाले समय में सरकार की इस योजना का अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम का आयोजन प्रोफेसर डॉ. सुमिता के नेतृत्व में किया गया, जिसमें सहयोगी के रूप में डॉ. श्वेता पटेल उपस्थित रहीं।

# सेक्टर स्पेसिफिक प्रशिक्षण में वनोपज आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देने पर जोर

**प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना एवं पीएमईजीपी की दी गई जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भारत सरकार की रैंप योजना अंतर्गत सी एस आई डी सी रायपुर के बैनर तले एन आई एम एस एम ई हैदराबाद द्वारा सेक्टर स्पेसिफिक प्रशिक्षण के तहत माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस फूड प्रोसेसिंग विषय पर 16,17 से 18 फरवरी तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम केवीके भाटापारा में हुआ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस एवं फूड प्रोसेसिंग से जुड़े उद्यमियों, महिला उद्यमियों तथा स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

प्रशिक्षण के अंतिम दिवस पर जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र बलौदाबाजार द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के साथ ही इच्छुक उद्यमियों का उद्यम पंजीयन भी किया गया तथा प्रशिक्षण उपरांत प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय बैच 19, 20 एवं 21 फरवरी, तृतीय बैच 23, 24 एवं 25 फरवरी तथा चतुर्थ बैच 26, 27 एवं 28 फरवरी को आयोजित की जायेगी। इस अवसर पर डीआईसी प्रबंधक नारायण ठाकुर, डीआरपी संतोष शुक्ला उपस्थित थे।





### महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस के नए उत्पाद विकास, आधुनिक प्रोसेसिंग तकनीक, वैल्यू एडिशन, मार्केटिंग रणनीति, ब्रांडिंग तथा आवश्यक प्रमाणन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम में केवीके भाटापारा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. अंगद राजपूत मार्गदर्शन दिए।

## 1242 श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के तहत एक करोड़ से अधिक की धनराशि वितरित

# श्रम विभाग की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ ले श्रमिक : टंकराम वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

**श्रमिकों के आर्थिक और सामाजिक उत्थान के लिए संचालित योजनाओं की दी जानकारी**







राज्य शासन द्वारा श्रमिकों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं के विषय में जागरूक करने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय स्थित ऑडिटोरियम में गुरुवार को श्रमिक जन संवाद सम्मेलन का किया गया। कार्यकम में श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को 1 करोड़ 4 लाख से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से श्रमिक एवं उनके परिवार के खाते में अंतरित की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि राज्य शासन द्वारा श्रमिकों और उनके परिवार को खुशहाल बनाने के लिए 31 से अधिक कार्यक्रम और योजनाएं संचालित हैं, जिनकी जानकारी सभी श्रमिकों को होना जरूरी है, तभी वे इन योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। श्रमिक जन संवाद सम्मेलन का यही उद्देश्य है। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा श्रमिक तक इन योजनाओं का लाभ पहुंचाने ऐसे कार्यक्रम सार्थक भूमिका निभाते हैं।कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुलोचना यादव भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि,श्रम विभाग के अधिकारी -कर्मचारी और श्रमिकगण उपस्थित थे।नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा विकास और निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले श्रमिकों के कल्याण के लिए राज्य शासन लगातार प्रयासरत है । कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से बातचीत कर उनका अनुभव भी जाना कंचन वर्मा ने बताया कि उन्हें नोनी सुरक्षा का लाभ मिला है,जिसके कारण वो अपने कॉलेज की पढ़ाई कर पा रही हैं। सियान सहायता योजना के हितग्राही भगवान दत्त ने बताया कि 60 वर्ष की आयु पूरी करने पर उन्हें 20 हज़ार रुपये मिले जिससे उनको काफ़ी मदद मिली।इसी तरह दीप्ति विश्वकर्मा ने बताया उन्हें नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना का लाभ मिला है। सभी हितग्राहियों ने छत्तीसगढ़ शासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### श्रमिकों को मिलेगा सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा श्रमिकों के हितों के लिए क्रांतिकारी कदम उठाते हुए चार नए लेबर कोड लागू करने का निर्णय लिया गया है, जो निश्चित रूप से श्रमिकों और उनके परिवारों को आर्थिक और सामाजिक रूप से सबल करने की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने कहा देश की आबादी का 45 प्रतिशत असंगठित क्षेत्र के मजदूर हैं, जिनके आर्थिक और सामाजिक विकास के बिना देश का विकास संभव नहीं है। इसी लिहाज से यह ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। उन्होंने देश में लागू चार नए लेबर कोड (श्रम संहिताओं) मजदूरी संहिता 2019, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020, व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य स्थितियों या ओएसएच संहिता 2020 और औद्योगिक संबंध संहिता 2020 के लाभ के बारे में विस्तार से बताया। नए श्रम कानूनों के मुताबिक देशभर में राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन तय किया जाएगा। एक बार घोषित होने के बाद राज्य इससे कम वेतन तय नहीं कर सकते। मजदूरों और उनके परिवारों की सुरक्षा और इलाज की व्यवस्था, भविष्य निधि आदि के बारे में बताया। उन्होंने कार्यक्रम में आए जन प्रतिनिधियों और श्रमिकों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी अपना नैतिक दायित्व समझते हुए ज़्यादा से ज़्यादा श्रमिकों को विभागीय योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित और जागरूक करें तभी हम विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत की संकल्पना को साकार कर सकेंगे।

### श्रमिकों को 1.04 करोड़ से अधिक की सहायता राशि वितरित

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत मिनीमाता महतारी जतन योजना के तहत जिले की 113 महिलाओं को 20-20 हजार की राशि प्रदान की गई। इस प्रकार योजना के तहत कुल 22.60 लाख प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना के तहत 918 बच्चों को 19.43 लाख, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना के तहत 97 बुजुर्ग श्रमिकों को 19.40 लाख, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना के तहत 89 बालिकाओं को 17.80 लाख, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के तहत 14 लाख, छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल अंतर्गत असंगठित कर्मकार मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के तहत 11 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की। श्रमिक जन संवाद सम्मेलन में कुल 1242 श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं में तहत एक करोड़ चार लाख तेइस हजार की धनराशि वितरित की गई। जिले में एक लाख से अधिक श्रमिक पंजीकृत 4 लाख अधिक हैं,अब तक श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के तहत 90 करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्रदाय की जा चुकी है।

## परमात्मा सर्वत्र है, इसे स्वीकार करने की देरी है

बलौदाबाजार। नगर के राधाकृष्ण गौसेवा संस्थान सिविल लाईन में 17 से 24 फरवरी तक दुर्लभ सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। जहां प्रवचनकर्ता के रूप में स्वामी विजयानंद गिरी महाराज ऋषिकेश हैं। कार्यक्रम दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक प्रतिदिन आयोजित हो रहा है। दुर्लभ सत्संग के दौरान प्रवचनकर्ता स्वामी विजयानंद गिरी महाराज ने कहा कि परमात्मा सदा सर्वदा, सर्वत्र विराजमान है, स्वीकार करने की मात्र देरी है। सांसारिक वस्तु केवल सदुपयोग करने के लिए है आश्रय लेने के लिए नही। उन्होंने कहा कि हम भगवान को चाहते है तो भगवान भी हमें चाहते हैं, इसलिए हमें भगवान के प्रति सच्ची भक्ति करना चाहिए। मनुष्य भगवान का दुलारा भी है। उन्होंने यह भी कहा कि मां नहीं भुलते अपने बच्चों को, लेकिन बच्चे आगे बढ़कर मां को भूल जाते हैं। इस पर वर्तमान में हमे चिंतन करने की आवश्यकता हैं।

### समय का सदुपयोग करना चाहिए

सत्संग के दौरान स्वामी श्री विजयानंद गिरी महाराज ने कहा कि मनुष्य के जीवन में दुख ही दुख है जैसे की जन्म दुख, गर्भ दुख, मानसिक दुख के साथ मरण दुख आदि है। गर्भ में बच्चे का हत्या करना महापाप है, क्योंकि गर्भ में बच्चे के हत्या करने के संकट से उबरने की पुकार वह बच्चा गर्भ से करता है, इसलिए उस वक्त की पीड़ा की पुकार को आप सब समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य योनी साधन योनी है क्योंकि बडे भाग्य से मानुष तन प्राप्त होता है। भगवान दयाकारी है दया करने वाली भी है इसलिए मनुष्य को अपने जीवन में समय का सदुपयोग करने की आवश्यकता है। वहीं संत की दृष्टि भक्त पर पड जाये तो उसका भी उद्धार हो जाता है। जिस व्यक्ति में पुण्य अर्जित होता है उसके ऊपर भी संतो का सानिध्य भी मिलता है। परमात्मा के प्रेम से अपने जीवन को रंग लेने से भगवान की प्राप्ति होती है इसलिए परमात्मा का नाम जपते रहना चाहिए। हरे राम की जाप महान जाप है, परमात्मा के नाम में शक्ति भी है। इन्होने एक उदारहण देते हुए कहा कि पैसे से समय नही मिलता अतः समय का कद्र करते हुए भगवान के नाम लेने के साथ ही अच्छे कार्यो के लिए समय का उपयोग करना चाहिए। चुकि जिंदगी का समय व्यक्ति को हमेशा गुजरता है, मनुष्य का बचपन चला जाता है, जवानी भी चली जाती है लेकिन बुढ़ापे का असर धीरे धीरे गुजरते हुए चली जाती है उम्र धीरे धीरे। इसलिए व्यक्ति को समय रहते भगवान प्राप्ति हेतु भगवान की भजन करना चाहिए एवं अच्छे कार्यों में समय का सदुपयोग करना चाहिए। इन्होने यह भी कहा कि बच्चों का नाम करण भी भगवान आधारित रखे ताकि नाम लेने से ही लोगों का उद्धार हो सके।

# मातृ और शिशु कल्याण के लिए स्वास्थ्य केंद्र में हुआ जागरूकता कार्यक्रम







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा मातृ एवं शिशु कल्याण परियोजना के अंतर्गत गर्भवती माताओं एवं उनके परिवारजनों के लिए संस्थागत प्रसव विषय पर जागरूकता कार्यक्रम उप स्वास्थ्य केन्द्र झीपन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयंत्र प्रमुख राजेश कुमार एवं मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

उप स्वास्थ्य केन्द्र झीपन के सीएचओ महेश्वरी साहू एवं आरएचओ धनेश्वर सेन एवं कमलेश्वरी तिवारी ने प्रतिभागियों को सुरक्षित प्रसव, नियमित एएनसी जांच, संतुलित आहार एवं समय पर चिकित्सकीय परामर्श महत्व की जानकारी दी।

सभी प्रतिभागी होने वाले माता पिता को बैज एवं क्राउन पहनाकर सम्मानित किया तथा प्रत्येक गर्भवती माता को उपहार प्रदान किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच संतोष वर्मा एवं उपसरपंच दीपक मनहरे एवं मितानिनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम को सांस्कृतिक स्वरूप देने हेतु स्थानीय सांस्कृतिक गर्भवती महिलाओं के लिए पारंपरिक साधौरी रस्म का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 74 से अधिक होने वाले माता पिता ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और ग्रामीण परिवारों को अस्पताल में सुरक्षित प्रसव के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीएसआर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव तथा अधिकारी ज्योत्सना पति एवं सीएसआर टीम से सुरेंद्र कुमार यादव, हेमलता ध्रुव, सुनीता निषाद, साहिल बांधे, गुमान साहू का विशेष योगदान रहा।

# पालकी यात्रा में श्रद्धा, अनुशासन और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम



भाटापारा। कुनबी समाज द्वारा श्रद्धा, भक्ति एवं पारंपरिक उत्साह के साथ पालकी यात्रा निकाली गई, जिसमें नगर के गणमान्य नागरिकों एवं समाजजनों की उपस्थिति रही। यात्रा में भक्ति संगीत, पारंपरिक वेशभूषा और अनुशासित सहभागिता ने आध्यात्मिक वातावरण का सृजन किया।

पालकी यात्रा के दौरान समाज के युवा, महिलाएं एवं वरिष्ठजन बड़ी संख्या में शामि हुए। संपूर्ण आयोजन में सुव्यवस्थित प्रबंधन, अनुशासन एवं सांस्कृतिक मूल्यों का समन्वय देखने को मिला। मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर पालकी का स्वागत किया गया, जिससे वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो उठा।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने यात्रा में सहभागिता कर समाजजनों का उत्साहवर्धन किया तथा आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कुनबी समाज द्वारा आयोजित यह भव्य पालकी यात्रा हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता का प्रेरणादायी उदाहरण है। ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में भाईचारा, समरसता और पारंपरिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। यह आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने और संस्कारों का संवहन करने का सशक्त माध्यम है।



# सेवानिवृत्ति पर पंचायत सचिव का संघ ने 50 हजार देकर किया सम्मान

लवन। प्रदेश पंचायत सचिव संघ के प्रदेश संयोजक क्रांति कुमार साहू की सेवानिवृति पर प्रदेश पंचायत सचिव संघ बलौदाबाजार ने जनपद पंचायत सभा कक्ष में विदाई समारोह में सम्मान किया गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन कुमार साहू, जनपद पंचायत बलौदाबाजार के अध्यक्ष सुलोचना यदु, जिला पंचायत सदस्य अंजलि साहू, जनपद पंचायत बलौदाबाजार के उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुमन योगेश वर्मा, भारतीय जनता पार्टी मंडल के जिला महामंत्री प्रशांत यदु के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। इसमें सेवानिवृत्ति क्रांति कुमार साहू का संघ द्वारा 50 हजार नगद शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रदेश पंचायत सचिव संघ के जिला कार्यकारी अध्यक्ष हरिकिशन वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष अग्नि कुमार निर्मलकर द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि सेवानिवृत्ति पंचायत सचिवों को विदाई समारोह एवं सह सम्मान कार्यक्रम आयोजन किया जाकर 50 हजार नगद एवं शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाता है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए जनपद पंचायत बलौदाबाजार के पंचायत सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश पंचायत सचिव संघ के विभिन्न पदों पर रहे क्रांति कुमार साहू का विदाई सह सम्मान कार्यक्रम जनपद पंचायत के सभा अध्यक्ष में रखा गया, जिसमें क्रांति कुमार साहू को उक्त राशि शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विदाई में प्रदेश पंचायत सचिव संघ के कार्यकारी जिला अध्यक्ष हरिकिशन वर्मा, ब्लाक अध्यक्ष अग्नि कुमार निर्मलकर, पूर्व अध्यक्ष बलदाऊ प्रसाद साहू, श्रीकुमार यादव, जिला सचिव बाला राम वर्मा, देवनारायण वर्मा, मनोज कुमार मारकंडे, लोकनाथ साहू, मनोज कुमार घृतलहरे आदि उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### गिरौदपुरी मेले में..

पालिका के कर्मचारी की ड्यूटी लगाने कहा। उन्होंने पेयजल, स्नानागार, शौचालय, दाल-भात केन्द्र आदि व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली।बताया गया कि इस बार मेला में सुविधा में इजाफा किया गया है। दाल भात केन्द्र संचालन हेतु 220 समूहों का चयन किया गया है। 9 हेल्थ कैम्प, 10 एम्बुलेंस, 250 अस्थाई टेप नल कनेक्शन, 48 पानी टैंकर, 550 सफाई कर्मचारी, 100 अस्थाई शौचालय, 16 चलित शौचालय, 55 स्नानागार,18 विद्युत ट्रांसफार्मर, 10 जनरेटर, 8 अग्निशमन वाहन, 2 क्रेन एवं 80 स्थाई शौचालय की व्यवस्था रहेगी। कलेक्टर एवं एसपी ने हेलीपेड, जैतखाम, गुरु मंदिर मार्ग, छाता पहाड़, बहुउद्देशीय सामुदायिक भवन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओ का जायजा लिया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह,एसडीएम आरआर दुबे सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे।

### सतनाम संदेश पदयात्रा...

जोड़कर सामाजिक एवं आध्यात्मिक चेतना का प्रकाश फैला रहे हैं। यह यात्रा समानता, भाईचारे और मानवता के संदेश को घर-घर तक पहुंचाते हुए समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य कर रही है। आज 20 फरवरी को पद यात्रा भंडारपुरी से निकलकर भैंसा, संडी, घोटिया होते हुए रात्रि विश्राम पलारी में होगा, 21 फरवरी को रात्रि विश्राम लवन में होगा। लवन पहुंचने के पहले क्षेत्र के सतनामी समाज के लोग गुरु का स्वागत करेंगे।

### दक्षिण भारत की...

मॉरिशस, फिजी जैसे देशों की भी यात्रा करना निश्चित रूप से डा. खुमान वर्मा की अच्छी सोच का परिणाम है। विधायक श्री साव ने बस में सवार 30 महिलाएं सहित लगभग 50 तीर्थ यात्रियों को उनके मंगल मय और सफल यात्रा की शुभकामना दी। इस अवसर पर, मुख्य रूप से खुमान वर्मा, ललित सिंह ठाकुर, बाबूलाल साव, एस.आर. फुटान, डॉ. वीणा साहू, लक्ष्मी साहू, राजा वर्मा सहित पेंशनर्स ऐसोसिएशन के सभी सदस्य एवं तीर्थ यात्रीगण उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
13 फरवरी 2026
SHOW TIME
ओ रोमियो
शो समय - 12:00, 3:30, 6:00, 9:00 PM
आटा चक्की (सीजी)
शो समय - 12:00, 3:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# 47 कार्यों के लिए 3.5 करोड़ स्वीकृत, 5 चौकों के सौंदर्यीकरण पर सवा करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के भाटापारा नगर पालिका में 47 कार्यों के लिए 3 करोड़ 50 लाख 32 हजार की स्वीकृति दी है। विभाग ने चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रावधानित अधोसंरचना मद से ये कार्य मंजूर किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने संचालनालय से राशि की मंजूरी का आदेश जारी कर दिया है। श्री साव ने सभी कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने भाटापारा नगर पालिका में गुरू घासीदास चौक सौंदर्यीकरण, बस स्टैंड चौक सौंदर्यीकरण, संत कंवरराम चौक सौंदर्यीकरण, सुहेला चौक सौंदर्यीकरण तथा संत माता कर्मा चौक सौंदर्यीकरण के लिए 25-25 लाख रुपए मंजूर किए हैं। विभाग ने वार्ड क्रमांक-1 में सीसी रोड के लिए 8 लाख 15 हजार रुपए, वार्ड क्रमांक-2 में श्मशान घाट के चारों ओर सीसी रोड के लिए 3 लाख 14 हजार रुपए, वार्ड क्रमांक-3 में फिल्टर प्लांट में मरम्मत एवं रंग-रोगन के लिए 8 लाख 5 हजार रुपए तथा वार्ड क्रमांक-4 में हनुमान मंदिर के पास बाउंड्रीवॉल के लिए 5 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं। नगरीय प्रशासन विभाग ने भाटापारा नपा के वार्ड क्रमांक-5 में सीसी रोड के लिए 7 लाख 67 हजार रुपए तथा दो आरसीसी नालियों के लिए एक लाख 64 हजार रुपए मंजूर किए हैं। वार्ड क्रमांक-7 में दो सीसी रोड के लिए 2 लाख 87 हजार रुपए, वार्ड क्रमांक-8 में दो आरसीसी नाली के लिए 2 लाख रुपए एवं सीसी रोड के लिए 4 लाख 99 हजार रुपए हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

## अंडरब्रिज रोड मरम्मत और पुताई पर खर्च होंगे 41.75 लाख

### अंडरब्रिज मरम्मत के लिए बड़ी राशि मंजूर

विभाग ने वार्ड क्रमांक-10 में सीसी रोड के लिए 4 लाख 4 हजार रुपए और नाली में ढक्कन निर्माण के लिए 4 लाख 51 हजार रुपए, वार्ड क्रमांक-11 में नाला निर्माण के लिए 6 लाख 33 हजार रुपए, वार्ड क्रमांक-12 में अंडरब्रिज में बीटी रोड मरम्मत एवं पुताई के लिए 41 लाख 75 हजार रुपए, नाली निर्माण के लिए 2 लाख 54 हजार रुपए एवं दो सीसी रोड टॉप कार्य के लिए 5 लाख 24 हजार रुपए मंजूर किए हैं। वार्ड क्रमांक-13 में सीसी रोड टॉप कार्य के लिए 2 लाख 16 हजार रुपए और नाली निर्माण के लिए 7 लाख 81 हजार रुपए, वार्ड क्रमांक-14 में नाली निर्माण के लिए 7 लाख 63 हजार रुपए, वार्ड क्रमांक-16 में सीसी रोड के लिए 13 लाख 29 हजार रुपए तथा वार्ड क्रमांक-17 में तीन सीसी रोड के टॉप कार्य के लिए 7 लाख 98 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं।



### वार्ड 18 से 31 तक विकास कार्यों की सौगात

विभाग द्वारा वार्ड क्रमांक-18 में नाली निर्माण के लिए 4 लाख 90 हजार रुपए, सीसी रोड के लिए 2 लाख 64 हजार रुपए एवं पुलिया व नाली के लिए 2 लाख 21 हजार रुपए, वार्ड क्रमांक-21 में तीन सीसी रोड के टॉप कार्य के लिए 5 लाख 32 हजार रुपए, वार्ड क्रमांक-23 में नाला निर्माण के लिए 13 लाख 56 हजार रुपए, वार्ड क्रमांक-25 में दो सीसी रोड के टॉप कार्य के लिए 8 लाख 54 हजार रुपए और सीसी रोड टॉप एवं नाली निर्माण के लिए डेढ़ लाख रुपए, वार्ड क्रमांक-28 में नाली निर्माण के लिए 4 लाख 72 हजार रुपए, वार्ड क्रमांक-29 में पेवर ब्लॉक के लिए 10 लाख 18 हजार रुपए, वार्ड क्रमांक-30 में सीसी रोड टॉप कार्य के लिए 7 लाख 60 हजार रुपए तथा वार्ड क्रमांक-31 में दो नालियों के निर्माण के लिए 8 लाख 81 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

## खबर संक्षेप



### 60 प्लस मैराथन में शिवप्रसाद को रजत

**बिलाईगढ़।** पटना में आयोजित एस बी आई ग्रीन मैराथन में बिलाईगढ़ के धावक शिवप्रसाद जायसवाल ने 60 प्लस आयु वर्ग की 10 हजार मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है। 15 फरवरी को आयोजित इस प्रतिष्ठित मैराथन में देशभर से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। दौड़ की शुरुआत गांधी मैदान गेट नंबर 10 से हुई और यह मरीन ड्राइव जेपी गंगा पथ तक सम्पन्न हुई। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच 60+ आयु वर्ग में 10 किलोमीटर की दौड़ पूरी कर शिवप्रसाद जायसवाल ने रजत पदक जीतकर बिलाईगढ़ का नाम रोशन किया। उम्र को मात देते हुए उनकी फिटनेस, अनुशासन और जज़्बे ने सभी को प्रेरित किया है। क्षेत्र में वे एक रोल मॉडल धावक के रूप में जाने जाते हैं। उनकी इस जीत पर छत्तीसगढ़ के मास्टर एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नबी मोहम्मद जगदलपुर सहित प्रहलाद कैवर्त, यशपाल यादव, दिलेश कुमार साहू, सदबदन साहू, आनन्द कुमार साहू, मुरारी आदित्य, उत्तम देवांगन, झाडूराम बारले, राकेश यादव, अमित राकेश, अर्जुन जायसवाल, गुलाब देवांगन, पंचराम साहू, नरेन्द्र कुर्रे, राजकुमार जांगड़े एवं धनेश यादव ने उन्हें बधाई दीं।

आयोजन : समाज के उत्थान के लिए मिलकर कार्य करने की अपील

# देशहा यादव समाज ने वार्षिक अधिवेशन में सामाजिक एकता और शिक्षा पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

देशहा यादव समाज का तीन दिवसीय सामाजिक सम्मेलन स्थानीय सामुदायिक भवन गातापार में हुआ। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, युवा वर्ग तथा महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुईं। वक्ताओं ने समाज की एकता, शिक्षा के महत्व और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने पर विशेष जोर दिया।

समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षा और संगठन के माध्यम से ही समाज का समग्र विकास संभव है, जो आगामी वर्षों में सामाजिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का संचालन करेगी। समाज के अध्यक्ष ने सभी सदस्यों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और समाज के उत्थान हेतु मिलकर कार्य करने की अपील की। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष पलारी सविता भीम यादव, अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष देशहा यादव समाज शोभा राम यादव, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष भाजपा मंडल पलारी पवन वर्मा, अतिथि महामंत्री मंडल पलारी सन्तोष वर्मा, योगेश वर्मा, पंचराम वर्मा, लाल कुमार यादव सहित देशहा यादव समाज के सामाजिकगण उपस्थित थे।



## कनौजे धोबी समाज का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन सिरपुर में आज से

**मुंडा।** छत्तीसगढ़ कन्नौजे धोबी समाज दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन 20 और 21 फरवरी को सिरपुर में समाज के लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में रखा गया है। केंद्रीय सचिव भुवन लाल कनौजे कोषाध्यक्ष बृजलाल कनौजे ने बताया कि दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन के प्रथम दिन 20 फरवरी को अतिथियों का आगमन होगा और कार्यक्रम की पूर्ण तैयारी कर ली गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी होंगी। अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष झड़ीराम कनौजे करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश चौधरी मुख्यमंत्री के निज सहायक तुलसी कौशिक, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष येतराम साहू, मंडल अध्यक्ष डिगेश्वरी चंद्राकर, सरपंच पुष्पा केआर माली एवं अन्य अतिथियों में केंद्रीय संरक्षक एवं प्रांतीय कोषाध्यक्ष विजय कन्नौजे, रजककार विकास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष लोकेश कन्नौजे, संगठन मंत्री जगदीश कन्नौजे, राज्यपाल से पुरस्कृत सहायक संचालक शिक्षा प्रमोद कनौजे, बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष श्रीराम रजक, केंद्रीय अध्यक्ष पन्नालाल रजक, केंद्रीय अध्यक्ष कसडोल राज मानसिंग निर्मलकर, जारा परिक्षेत्र अध्यक्ष नीलमणि चौधरी एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी कमलेश रजक प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।



# गिरौदपुरी मेले में जन सुविधाओं के लिए वेबसाइट व मोबाइल एप लांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- वेबसाइट मोबाइल एप और क्यूआर कोड से मिलेगी मेले में व्यवस्थाओं की जानकारी

गिरौदपुरी मेले में उपलब्ध जनसुविधाओं एवं विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी आमजनों को आसानी सुलभ कराने जिला प्रशासन द्वारा लगातार पहल की जा रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को मेले का वेबसाईट एवं मोबाइल एप्लीकेशन लॉन्च किया गया। धर्मगुरु बालदास साहेब ने सर्किट हॉउस गिरौदपुरी में लैपटॉप में क्लिक कर वेबसाईट और मोबाइल एप्पलीकेशन को लांच किया। इस अवसर कलेक्टर दीपक सोनी, एसपी भावना गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बताया गया कि गिरौदपुरी मेले की वेबसाइट से मेले में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी मिलेगी। इसके साथ ही वेबसाईट पर मोबाइल एप्प डाउनलोड कर सकते हैं। वेबसाइट, मोबाइल एप्प एवं क्यू आर कोड के माध्यम से मेले में भोजन व्यवस्था, पेयजल,पार्किंग, कंट्रोल रूम,चिकत्सा एवं एम्बुलेंस,स्नान घर एवं निस्तारी सुविधा, शौचालय एवं बायोटॉयलेट व्यवस्था आदि की जानकारी अपने एंड्रॉड मोबाइल से आसानी से ले सकेंगे। मेला स्थल में जगह- जगह, क्यूआर कोड चस्पा किया जा रहा है। इसके साथ ही बड़े बैनर में मेले का नक्शा भी लगाया गया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

एजेन्सी देना है
हरिभूमि
समाचार पत्र बलौदाबाजार
जिला के अंतर्गत
अमेरा
में संवाददाता नियुक्ति करना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता। सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
संपर्क - हरिभूमि कार्यालय
अंबेडकर चौक, बलौदाबाजार (छ.ग.)
मो. 9926204007, 8370049468

# समावेशी शिक्षा की कार्यशाला में निःशक्त बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- विकासखण्ड स्रोत केन्द्र समग्र शिक्षा बलौदाबाजार में 3 तीनों तक चली कार्यशाला

कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा दीपक सोनी के दिशा-निर्देश में समावेशी शिक्षा अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के पालक, अभिभावक एवं बच्चों के अध्ययनरत शाला के संस्था प्रमुखों के विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र समग्र शिक्षा बलौदाबाजार में 3 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गए। मास्टर्स ट्रेनर्स अर्चना यादव, प्रीति देशमुख एव सविता चाम्भारे द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

कार्यशाला में प्रत्येक विकासखण्ड से दिव्यांग बच्चों के पालक अभिभावक एवं संस्था प्रमुखों को दिव्यांग बच्चों के संबंध में प्रतिभागियों को समावेशी शिक्षा और दिव्यांग बच्चों के अधिकारों के बारे में संवेदनशील बनाने और उनका मार्गदर्शन किया गया। पाठ्यक्रम अनुकूलन, कक्षा रणनीतियों, सहायक उपकरणों के उपयोग और आईईपी योजना के क्षेत्रों में क्षमता निर्माण, दिव्यांग बच्चों के संदर्भ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की अवधारणा से अवगत कराया गया। इसके साथ सीडब्ल्यूएसएन के लिए प्रभावी कक्षा कक्ष व्यवस्था, पालक, अभिभावक को दिव्यांग बच्चों के शिक्षण-प्रशिक्षण, कौशल विकास एवं शासन की योजनाओं की जानकारी के बारे में बताया गया।



जिला सांख्यिकी अधिकारी अर्चना बघेल ने दिव्यांग बच्चों के हित में शासन द्वारा निर्धारित योजनाओं से अवगत कराया। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. संजय गुहे एवं जिला मिशन समन्वयक नरेन्द्र वर्मा ने समावेशी शिक्षा अंतर्गत दिव्यांग बच्चों को समस्त विद्यार्थियों से समन्वय कर अध्ययन अध्यापन के साथ-साथ सभी क्रियाकलाप में सहभागी होने हेतु सुझाव दिया गया। कार्यशाला में सहायक कार्यक्रम समन्वयक जहीर अब्बास, समावेशी शिक्षा प्रभारी खिलावन लाल वर्मा एवं पीएमयू केशव चन्द्रा, योगेन्द्र कुमार साहू उपस्थित रहे।

### बायोमेट्रिक अपडेट के लिए शिविर 10 फरवरी तक

महासमुंद। जिले में 5 से 7 वर्ष एवं 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग के छूटे हुए स्कूली छात्रों के आधार बायोमेट्रिक अपडेट के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ये शिविर 10 मार्च तक आयोजित किए जाएंगे। शिविर संचालन के लिए विकासखंड स्तर पर बीआरसी व संकुल स्तर पर संकुल समन्वयकों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। शिविरों में आधार ऑपरेटरों के माध्यम से विद्यार्थियों का बायोमेट्रिक अपडेट किया जाएगा। इस अभियान के क्रियान्वयन के लिए प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

स्वामी जी
93406-38884
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
हरिद्वार, ऋषिकेश, गंगोत्री
यमुनोत्री, बद्रीनाथ, केदारनाथ
यात्रा दिनांक
18 अप्रैल 2026
02 मई 2026
18 मई 2026
02 जून 2026
14 दिन की यात्रा
राशि स्लीपर ₹24,000/- ऑफर ₹22,500/-3AC ₹32,500/- ऑफर ₹29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866, 8275757579
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

### आत्महत्या रोकथाम के लिए कार्यशाला का आयोजन

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई नागेश्वर के निर्देशन एवं नीलू घृतलहरे डीपीएम, डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत बेलसोंडा एवं शासकीय स्कूल बेलसोंडा के छात्रों तथा जनप्रतिनिधि, मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं लोगों के लिए मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन एवं आत्महत्या रोकथाम के विषय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिला हॉस्पिटल महासमुंद से डीएमएचपी की टीम से खोमन लाल, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर और देव कुमार डडसेना योग ट्रेनर का विशेष सहयोग रहा।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु बलौदाबाजार शहर एवं आसपास के क्षेत्र में 10 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 12,000
दिनांक - 18 फरवरी से 21 फरवरी 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
Resume Whatsapp करें
8370049468
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर